प्रतियोगिता | जबलपुर में क्रिकेट का रोमांच होगा चरम पर, सीजन-5 की होगी शुरुआत

# महिला प्रीमियर लीग का भव्य आगाज 6 जून से




**नवभारत, जबलपुर।** वीआना स्पोर्ट्स एरिना द्वारा आयोजित महिला प्रीमियर लीग सीजन-5 का भव्य आयोजन का आगाज़ 6 जून से होगा। 12 जून तक चलने वाले इस आयोजन में महिला क्रिकेट खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर मिलेगा।

### द गज़ोन बिस्ट्रो के सहयोग से आयोजित की जा रही स्पर्धा

प्रतियोगिता का स्वरूप 8-ए साइड रहेगा, जिसमें 10 खिलाड़ियों की टीम संरचना के साथ 7-7 ओवर के मुकाबले खेले जाएंगे। यह लीग विशेष रूप से 27 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं के लिए आयोजित की जा रही है, ताकि अनुभवी खिलाड़ियों को एक सशक्त मंच प्रदान किया जा सके।

आयोजक तेजस प्रियांश गुप्ता के मुताबिक इस सीजन में 'स्टार प्लेयर' की विशेष पहचान के साथ प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा।

### विजेता टीम को मिलेंगे 25 हज़ार

विजेता टीम को 25 हज़ार रुपये एवं ट्रॉफी, उपविजेता को 15 हज़ार रुपये एवं ट्रॉफी तथा तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त फेयर प्ले टीम अवार्ड, डिजिटल डोमिनेटर्स अवार्ड, वीमेन ऑफ द मैच, बेस्ट बैटर, बेस्ट बॉलर, बेस्ट फील्डर, मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर और मैक्सिमम सिक्सेज जैसे कई व्यक्तिगत पुरस्कार भी दिए जाएंगे। स्पर्धा के आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान मैदान पर रोमांचक मुकाबलों के साथ दर्शकों के लिए उत्सव जैसा माहौल रहेगा। उन्होंने अधिक से अधिक खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों से इस आयोजन में भाग लेकर उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

### साक्षी बनेगा नवभारत और सेंट्रल क्रॉनिकल

नवभारत | Central Chronicle

नवभारत और सेंट्रल क्रॉनिकल महिला क्रिकेट प्रीमियर लीग के दौरान खेले जाने वाले रोमांचक और यादगार मुकाबलों के साक्षी बनेंगे। पूरे टूर्नामेंट में खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन और रोमांचक पलों को प्रमुखता से प्रस्तुत किया जाएगा।

**प्रीमियर गाला नाईट आज**

आज 3 जून की शाम 6 बजे से भव्य प्रीमियर गाला नाईट एव फिक्सचर रिवीलिंग सेरेमनी के साथ टूर्नामेंट का औपचारिक आगाज़ होगा।



# महिला वर्ग में रानीताल स्पोर्ट्स टीम विजेता

▸ जबलपुर एकेडमी ने पुरुष वर्ग में मारी बाजी

**नवभारत, जबलपुर।** ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर कबड्डी ग्राउंड पर आयोजित प्रदर्शन मैच में जहां महिला वर्ग में रानीताल स्पोर्ट्स ने जबलपुर अकादमी को हराकर विजेता होने का गौरव हासिल किया, वहीं पुरुष वर्ग में जबलपुर अकादमी ने रानीताल स्पोर्ट्स को हराकर विजेता बनी।

इससे पहले प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन का पुष्पहारों से स्वागत कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह पप्पू, जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष डॉ. अमित साहू, कबड्डी उपाध्यक्ष भानु सिंह, अजय पटेल मंचासीन थे। मैच के दौरान पूर्व कबड्डी के राष्ट्रीय खिलाड़ी समद खान, मनीष रजक, गुरु प्रसाद, पुष्पा रघुवंशी, सुनील ताम्रकार, छोटेलाल सेन, दिनेश तिवारी, योगेश यादव, रजनीश यादव, किशन यादव, आशीष यादव, विखलेश यादव, आकाश यादव, शिवम यादव आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के सूत्रधार मध्य प्रदेश कबड्डी संघ के रेफरी बोर्ड के कन्वीनर शानू यादव ने मंच संचालन किया एवं सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# इंदौर में दमखम दिखाएंगे जबलपुर के जूडो खिलाड़ी

▸ राज्य स्तरीय कैडेट जूडो चयन प्रतियोगिता 7 को, राष्ट्रीय स्पर्धा चंडीगढ़ में 10 से आयोजित होगी

**जबलपुर 2 जून।** जबलपुर जूडो संघ के अध्यक्ष रवि गुप्ता के अनुसार मध्य प्रदेश जूडो एसोसिएशन द्वारा आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं एवं अंतर्राष्ट्रीय कैडेट व जूनियर प्रतियोगिताओं हेतु राष्ट्रीय टीम के चयन के उद्देश्य से 'राज्य कैडेट एवं जूनियर बालक-बालिका वर्ग जूडो सिलेक्शन ट्रायल्स' का आयोजन 7 जून को नेहरू स्टेडियम हॉल, इंदौर में किया जा रहा है।

भारतीय जूडो महासंघ के निर्देशन में आयोजित होने वाली इस राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता में जबलपुर जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।



### ये खिलाड़ी चयन स्पर्धा में लेंगे भाग

इस महत्वपूर्ण सिलेक्शन ट्रायल में जबलपुर जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख खिलाड़ियों में -40 किग्रा में अफशीन फातिमा, -63 किग्रा में सोमिया सिद्दीकी, -50 किग्रा में विनम्र विश्वकर्मा, -55 किग्रा में सम्राट सिंह ठाकुर, -66 किग्रा में अविरल सिंह, +100 किग्रा में अयूष मिश्रा शामिल है। प्रतियोगिता में जबलपुर दल की कोच बुशरा अंजुम होंगी।

### आबिद व अंसारी करेंगे तकनीकी संचालन

इस ट्रायल में तकनीकी अधिकारी के रूप में जबलपुर जिला जूडो संघ के सचिव एवं वरिष्ठ जूडो कोच आबिद हुसैन खान तथा एडवोकेट अताउर्रहमान अंसारी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है, जो वहां रेफरी व तकनीकी व्यवस्थाओं का संचालन करेंगे।

### चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्पर्धा में मप्र का प्रतिनिधित्व करेंगे

एसोसिएशन से प्राप्त आधिकारिक सूचना के अनुसार, इस ट्रायल के माध्यम से चयनित होने वाली मध्य प्रदेश की कैडेट टीम 10 से 13 जून तक चंडीगढ़ में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कैडेट जूडो प्रतियोगिता में भाग लेगी। वहीं जूनियर वर्ग में चयनित खिलाड़ी 13 से 16 जून 2026 तक चंडीगढ़ में ही आयोजित होने वाली राष्ट्रीय जूनियर जूडो प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### जूडो महासंघ का राष्ट्रीय पंजीकरण अनिवार्य है

प्रतियोगिता के तकनीकी नियमों के तहत सभी खिलाड़ियों के पास भारतीय जूडो महासंघ का राष्ट्रीय पंजीकरण (यूपीआईडी) होना अनिवार्य है तथा ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के पास 1 फरवरी 2027 तक वैध पासपोर्ट होना आवश्यक है। सभी प्रविष्टियां 5 जून तक अनिवार्य रूप से जमा की जानी हैं। संघ को विश्वास है कि जबलपुर के खिलाड़ी राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह पक्की करेंगे और जिले का नाम रोशन करेंगे।

# पूर्व क्षेत्र विद्युत कंपनी की बड़ी उपलब्धि

▸ सूचना-साइबर सुरक्षा प्रबंधन में मिला अंतरराष्ट्रीय डेटा सुरक्षा प्रमाणन

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने सूचना व साइबर सुरक्षा प्रबंधन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए अपने डेटा सेंटर के लिए आईएसओ/आईईसी 27001:2022 प्रमाणन प्राप्त किया है। यह प्रमाणन कंपनी के प्रबंध निदेशक अजय गुप्ता के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में मिला है, जो सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली की अंतरराष्ट्रीय प्रभावशीलता व विश्वसनीयता दर्शाता है। इसके तहत डेटा सेंटर में संचालित सूचना परिसंपत्तियों, आईटी अवसंरचना, डेटा भंडारण, संचार तथा सुरक्षा प्रबंधन प्रक्रियाओं का स्वतंत्र मूल्यांकन किया गया।

यह प्रमाणन प्राप्त होने से कंपनी की साइबर सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। इससे सर्ट-इन, एनसीआईआईपीसी एवं अन्य राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा मानकों के अनुपालन को बल मिलेगा। इसके माध्यम से उपभोक्ताओं एवं संगठन से संबंधित संवेदनशील सूचनाओं की सुरक्षा, गोपनीयता और उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी।

### सुशासन और डिजिटल नवाचार

कंपनी प्रबंधन ने इस उपलब्धि को सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताते हुए उन्हें बधाई दी है। साथ ही भविष्य में भी डिजिटल नवाचार एवं साइबर सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। यह उपलब्धि पूर्व क्षेत्र विद्युत कंपनी के डिजिटल परिवर्तन, सुशासन एवं सुरक्षित सूचना प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।

# ग्रीष्मकालीन शिविर का रंगारंग एवं उत्साहपूर्ण समापन

▸ विशेष सशस्त्र बल 6वीं वाहिनी का प्रशिक्षण शिविर समाप्त

**नवभारत, जबलपुर।** विशेष सशस्त्र बल 6वीं वाहिनी, जबलपुर में आयोजित 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का भव्य, रंगारंग एवं उत्साहपूर्ण समारोह के दौरान समापन हुआ। सेनानी सिद्धार्थ चौधरी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में 1 मई से 1 जून तक चले इस शिविर में लगभग 400 बच्चों एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न 17 विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया।



शिविर का उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना रहा। इसी के तहत प्रतिभागियों को टीम भावना, शारीरिक दक्षता एवं स्वास्थ्य संवर्धन के लिए जुंबा, क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल, लॉन टेनिस एवं बैडमिंटन का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में महिलाओं और बच्चों में कलात्मक प्रतिभा को निखारने आर्ट एंड क्राफ्ट, ड्राइंग, पेंटिंग, मेहंदी एवं कैलीग्राफी का प्रशिक्षण भी दिया गया।

### आत्मरक्षा की भी दी गई ट्रेनिंग

आत्मरक्षा एवं आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से सेल्फ डिफेंस, जूडो, कबड्डी एवं रस्साकशी जैसी गतिविधियाँ भी कराई गईं। इसके साथ ही कौशल विकास को प्रोत्साहित करने के लिए ड्राइविंग प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

समापन समारोह के दौरान प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी विधाओं का आकर्षक प्रदर्शन प्रस्तुत किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत जुंबा डांस ने जहां दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया वहीं ब्राइटर माइंड' प्रशिक्षण के अंतर्गत बच्चों ने बिना देखे वस्तुओं की पहचान कर अपनी मानसिक क्षमता का प्रदर्शन किया। कैलीग्राफी प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया तो वहीं स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों ने आत्मविश्वासपूर्ण अंग्रेजी भाषा मे संवाद कर सभी को प्रभावित किया। समारोह का प्रमुख आकर्षण सेनानी श्री सिद्धार्थ चौधरी के मार्गदर्शन में संचालित रोजगारोन्मुखी ब्रास बैंड प्रशिक्षण रहा। प्रशिक्षुओं द्वारा फिल्म 'बॉर्डर' एवं प्रस्तावित फिल्म 'बॉर्डर-2' के लोकप्रिय गीत 'मिट्टी के बेटे' तथा 'संदेशे आते हैं' की भावपूर्ण प्रस्तुति ने पूरे सभागार को भावविभोर कर दिया और उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को लेकर भाजपा की बैठक

**नवभारत, जबलपुर।** भाजपा संभागीय कार्यालय, रानीताल में प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर 5 से 21 जून तक आयोजित कार्यक्रमों के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस पर होने वाले 'एक पेड़ माँ के नाम' वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों को लेकर आवश्यक बैठक हुई। कार्यक्रम प्रभारी रिंकुज बिज, रंजीत पटेल, सह-संयोजक व जिला उपाध्यक्ष रजनीश यादव एवं रीना राय की उपस्थिति में मंडल अध्यक्षों, महामंत्रियों व कार्यकर्ताओं संग विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में 5 जून को वृहद वृक्षारोपण करने तथा प्रत्येक कार्यकर्ता द्वारा माँ के नाम एक पौधा लगाने व उसके संरक्षण-संवर्धन का दायित्व निभाने की कार्ययोजना तैयार की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि सामाजिक आवश्यकता बन गया है। जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरणीय चुनौतियों के बीच वृक्षारोपण ही आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने का सबसे प्रभावी माध्यम है।बैठक में मुख्य रूप से जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक मंडल अध्यक्ष आशीष राव, सौरभ गोयल, सपन यादव, विनोद केवल, ऋषि सोनकर, कैलाश चक्रवर्ती, पुष्पराज सिंह, प्रशांत दुबे तथा दिलीप पटेल सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बड़ा पत्थर सब्जी मार्केट में शराब दुकान खोले जाने का विरोध

**नवभारत, जबलपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रांझी-खमरिया के पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र कुशवाहा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल द्वारा पुलिस अधीक्षक जबलपुर को ज्ञापन सौंपकर बड़ा पत्थर-2 समूह की शराब दुकान को बड़ा पत्थर सब्जी मार्केट में खोले जाने पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई गई।

ज्ञापन में बताया गया कि पूर्व में संचालित शराब दुकान को स्थानांतरित कर ऐसे स्थान पर स्थापित किया गया है, जो पहले से संचालित शराब दुकान की 300 मीटर की परिधि के भीतर आता है।



यह आबकारी नियमों के विपरीत है। क्षेत्रवासियों, व्यापारियों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा भी इस निर्णय का लगातार विरोध किया जा रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि सहायक आबकारी आयुक्त द्वारा निर्धारित परिक्षेत्र एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार उक्त दुकान का संचालन निर्धारित क्षेत्र में ही किया जाना चाहिए, जबकि वर्तमान में इसे नियमों की अनदेखी करते हुए अन्य स्थान पर संचालित किया जा रहा है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर नियम विरुद्ध संचालित शराब दुकान को तत्काल हटाने तथा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की है एवं पुलिस अधीक्षक जबलपुर को ज्ञापन सोपा गया इस दौरान एडवोकेट राजेंद्र मिश्रा,राजेश यादव, रविंद्र कुशवाहा,आशुतोष वत्स, गौरैया यादव,मनोज लोधी देवेंद्र लखेरा,अनिल सोनकर, सौरभ यादव,राहुल चौधरी, राजा राने, अशोक यादव, विनोद कुशवाहा, बंटी मारुति, कमलेश चौधरी, मोहन सिंह,अतुल डोंगरे, शुभम मोहित, व्यापारी एवं कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# चाकूबाजों ने तीन का बहाया लहू

**नवभारत, जबलपुर ।** कोतवाली, रांझी, गढ़ा में चाकूबाजों ने तीन का लहू बहाया । पुलिस ने तीनों ही मामलों में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है ।

कोतवाली पुलिस के मुताबिक ऋषभ विश्वकर्मा 25 वर्ष निवासी कोतवाली का चाट फुल्की का टेला लगाता है। बीती रात लगभग 10 बजे अपने घर से मक्रवाहिनी मंदिर खोवा मंडी के पास गुटखा लेने गया था जैसे ही गुटखा लेकर वापस घर तरफजा रहा था उसे राहुल विश्वकर्मा एवं राहुल सोनी मिले और बहुत होशियार बनता है कहते हुये राहुल सोनी ने उसके दोनों हाथ पकड़े और राहुल विश्वकर्मा ने जान से मारने की नियत से चाकू से हमलाकर कर चोट पहुंचा दी । इसी प्रकार रांझी थाने में पंकज वर्मा 36 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती झंडा चौक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात लगभग 9-15 बजे वह अपने घर पर खाना के बाद रोड पर टहल रहा था उसी समय कुक्कू उर्फ तरूण आकर उससे शराब पीने के लिये 1 हजार रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो उस पर चाकू से हमला कर चोट पहुंचा दी। इसी तरह गढ़ा थाने में नील रजक 19 वर्ष निवासी सिद्धनगर संजय गांधी गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मेडिकल में चाय पीने गया था उसी दौरान राज चक्रवर्ती से बातचीत के दौरान बहस हो गयी थी वह अपने घर वापस आ रहा था राज चक्रवर्ती ने उसे फोन करके छोटे जैन मंदिर के पास रूकने के लिये कहा तो वह रूक गया रात लगभग 1-25 बजे राज चक्रवर्ती एवं सुम्मि आकर उससे विवाद करने लगे राज ने उसे पीठ में थप्पड़ मार दिया सुम्मि ने चाकू से हमलाकर उसके सीना में चोट पहुंचा दी।

**NAME CHANGE NOTICE**

I NEERAJ KUMAR PARIYANI S/o Fattan Das Pariyani Address Tip Top Footwear Ranjhi Bazar, Monegaon, Khamaria, Jabalpur (MP) 482005 swear hereby to make the following statement. My Name is in my passport (P1495560) NEERAJ PARIYANI S/o Futtan Das Pariyani Passport Address TIP TOP FOOTWEAR RANJHI MAIN ROAD JABALPUR (MP) 482005 and my Name is adhaar (ADHAR No. 227549314871) and my all documents in NEERAJ KUMAR PARIYANI S/o Fattan Das Pariyani kindly accept my new Name as NEERAJ KUMAR PARIYANI S/o FATTAN DAS PARIYANI.

Date : 01/06/2026
Place: Jabalpur(MP) [FOC]

NEERAJ KUMAR PARIYANI

**पश्चिम मध्य रेल**

वाणिज्य विभाग

क्र. जबल/सी/170/ई-ऑक्शन/विविध/पार्किंग/26, दिनांक : 01.06.2026

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई-बोली आमंत्रित करता हैं। सभी निविदा की Category : पार्किंग, सभी निविदा के Catalogue No. JBP-Parking-26-1, Lot No.PARKING-JBP-JBP-MX-71-26-1 (Parking-Mixed), Asset Details : जबलपुर स्टेशन पर दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग स्थल केवल तीन वर्षो के लिये, Auction Start : 15.06.26, 12:30 hrs., Auction End : 15.06.26, 13:00 hrs., Lot No.: PARKING-JBP-GAR-MX-73-26-1 (Parking-Mixed), Asset Details : गाडरवारा स्टेशन पर दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग स्थल केवल तीन वर्षो के लिये, Auction Start : 15.06.26, 12:30 hrs., Auction End : 15.06.26, 13:10 hrs., Lot No.PARKING-JBP-MWJ-MX-75-26-1 (Parking-Mixed), Asset Details : मडवासग्राम स्टेशन पर दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग स्थल केवल तीन वर्षो के लिये, Auction Start : 16.06.26, 12:30 hrs., Auction End : 16.06.26, 13:00 hrs., Lot No.PARKING-JBP-BRGW-MX-74-26-1 (Parking-Mixed), Asset Details : बरगवा स्टेशन पर दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग स्थल केवल तीन वर्षो के लिये, Auction Start : 16.06.26, 12:30 hrs., Auction End : 16.06.26, 13:10 hrs. संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध हैं कि वे IREPS वेवसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Auction Leasing मौडयूल देखे। लॉट-वार विवरण उपयुक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध हैं। ई-बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध हैं।

हस्ता.
कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद सिहोरा, जिला जबलपुर (म.प्र.)**

E-mail-ID- cmosihora@mpurban.gov.in फोन नं.- 07624-230030

क्रं./न.पा./2026/1801 | ई - निविदा आमंत्रण सूचना | सिहोरा, दिनांक :- 29/05/2026

एतद द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| निविदा क्रमांक | कार्य का नाम एवं विवरण | प्राक्कलन राशि (रु. में) | धरोहर राशि (रु. में) | निविदा फार्म का शुल्क | श्रेणी | समयावधि | बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_511547_1 | नगर पालिका परिषद सिहोरा के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर शासकीय अभियानों के प्रचार-प्रसार हेतु वॉल पेंटिंग कार्य | 2,00,000/- | 2000/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदार एवं जी.एस.टी विभाग पंजीकृत ठेकेदार | 2 माह | 17/06/2026 |
| 2026_UAD_511555_1 | Supply and Testing of Power Saver (T5 Ballasted Choke) for use in Municipal Council Sihora | 2,00,000/- | 2000/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदार एवं जी.एस.टी विभाग पंजीकृत ठेकेदार | वर्ष 2026-2027 | 17/06/2026 |

शर्त - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सिहोरा

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

//निविदा आमंत्रण सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Pro No.- 247 Date-02/06/2026<br>2026_UAD_511987_1 | संभाग क्र.08 सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन वार्ड अंतर्गत कंचन का जीर्णोद्वार एवं सौन्द्रर्यीकरण कार्य। (प्रथम निविदा) (महापौर अनुशंसा) | 04 माह<br>30.50 लाख | 5000/-<br>22900/- | 30/06/2026 |
| 2 | Pro No.- 247 Date-02/06/2026<br>2026_UAD_511987_2 | संभाग क्र.08 अंतर्गत 05 वार्डो में स्वच्छता के तहत CT/PT शौचालय का मरम्मत एवं पुताई कार्य। (प्रथम निविदा) | 04 माह<br>4.20 लाख | 2000/-<br>4200/- | 15/06/2026 |
| 3 | Pro No.- 247 Date-02/06/2026<br>2026_UAD_511987_3 | संभाग क्र.08 शीतलामाई वार्ड अंतर्गत गोपाल मंदिर बाई का बगीचा पहली गली के पास नाला कवर्ड सीमेंटीकरण एवं नाले में जाल लगाने का कार्य। (तृतीय निविदा) | 04 माह<br>7.62 लाख | 2000/-<br>7622/- | 15/06/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय यंत्री/कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)
नगर पालिक निगम जबलपुर